पत्र सूचना शाखा,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल की पहल पर स्कूली बच्चों ने 'नो योअर आर्मी' प्रदर्शनी देखी

विद्यार्थियों को सेना के कार्यों से संबंधित जानकारी भी दी गयी

लखनऊः 13 अगस्त, 2019

किसी शायर ने ठीक कहा है कि 'बच्चों के नन्हे हाथों को चांद सितारे छूने दो, दो-चार किताबें पढ़ कर ये हम जैसे बन जायेंगे'। शायद इसी को दृष्टिगत रखते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्री सत्य सांई बाबा पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय, लखनऊ के 37 विद्यार्थियों को दिलकुशा गार्डेन में चल रही दो दिवसीय प्रदर्शनी 'नो योअर आर्मी' में भेजा। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये केवल पुस्तकीय ज्ञान काफी नहीं है। बच्चों को देश में क्या है और क्या चल रहा है, यह भी मालूम हो जिससे वे भावी जीवन में एक आदर्श और लक्ष्य लेकर बढ़े। उन्होंने कहा कि बच्चों में देशभक्ति उत्पन्न कराने के लिये सेना के क्रियाकलाप की जानकारी होनी चाहिये जिससे सेना के प्रति उनकी रूचि बढ़े।

राज्यपाल की पहल पर राजभवन स्थित श्री सत्य सांई बाबा पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 4 से 8 तक के 37 विद्यार्थी भारतीय सेना द्वारा लगाये गयी प्रदर्शनी 'नो योअर आर्मी' में आज भ्रमण पर गये थे। विद्यार्थियों ने वहां सेना के विभिन्न हथियारों को देखा। विद्यार्थियों ने सेना के जवानों से जाना कि सेना जंगल में रहकर कैसे कार्य करती है तथा प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़ आदि के समय राहत कार्य में कैसे सहयोग प्रदान करती है। वायु सेना के छोटे 'डीमो फाइटर प्लेन' के बारे में भी उन्हें बताया गया। विद्यार्थियों ने वहाँ लगे एन0सी0सी0 कैम्प में जानकारी भी प्राप्त की। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (18/11)

COUNTRY
WEIGHT
JAT